तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

10 जल्द से जल्द गेहूं का उठान और फसल का भुगतान की मांग उठाई



10 समिति चलाएगी मनुवादी ताकतों के खिलाफ अभियान



## खबर संक्षेप

### मालवी फाटक के पास मिला अज्ञात का शव

**जींद।** जुलाना रेलवे स्टेशन के निकट मालवी फाटक पर शनिवार रात को एक युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक के लंबे काले बाल है।

### नशा तस्कर से 485 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** ऑपरेशन आक्रमण दौरान एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करी का धंधा करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए थाना कलायत पुलिस द्वारा एक आरोपी को 485 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत पुलिस के एसआई विजय कुमार की टीम गश्त दौरान एनएच 152 कलायत पर मौजूद थी।

### हमला और अपहरण के चार आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने घर में घुस कर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने, अपहरण कर जानलेवा हमला करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव दबलैन निवासी कुलदीप ने गत 13 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने परिवार व दोस्त के साथ नरवाना घर में था।

### सट्टा खाईवाली करते दो काबू,3240 रुपये बरामद

**कैथल।** ऑपरेशन आक्रमण दौरान एसपी उपासना के आदेशानुसार सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 3240 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना एएसआई जयभगवान की टीम को गश्त दौरान खुफिया सूचना मिली थी।

### जागरण में व्यक्ति की जेब से निकाले 75 हजार रुपये

**जींद।** पंजाबी चौक पर बीती रात जागरण में भीड़ का फायदा उठा अज्ञात ने जेब से 75 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंजाबी चौक निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसके घर में जागरण था।

### लाइसेंसी रिवाल्वर छीनने का वांछित आरोपित दबोचा

**कैथल।** मारपीट व लाइसेंसी रिवाल्वर छीन कर ले जाने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस एसआई रामबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव फरल निवासी समय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फरल निवासी राजेंद्र कुमार की शिकायत अनुसार उसका दोस्त संदीप कुमार ने गांव फरल में मछली पालन के लिए ठेका पर तालाब लिया हुआ हैं।

### दवा लेने निकले मां-बेटा संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव शामलो कलां से मां बेटे के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शामलो कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाहर काम करता है।

### निजी अकादमियों पर कार्रवाई करे प्रशासन

**जींद।** जिला फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल की बैठक महा सिंह मेमोरियल स्कूल बराहखुर्द में की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज ने की। जिसमें सभी ब्लॉकों के प्रधान व जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। जिसमें प्ले स्कूल व अकादमी से संबंधित सख्त से सख्त कार्रवाई संबंधित निर्णय लिए गए।

# बगैर कॉल निजी एंबुलेंस अस्पताल में खड़ी की तो होगी कार्रवाई

## नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के निकट हर समय मंडराने वाले चालकों के प्रति अस्पताल प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के निकट हर समय मंडराने वाले निजी एंबुलेंस चालकों के प्रति नागरिक अस्पताल प्रशासन सख्त हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने परिसर में जगह-जगह नोटिस चस्पा किया है कि अगर बिना कॉल के कोई भी प्राइवेट एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को अस्पताल परिसर में खड़ा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा इसलिए किया गया है कि एंबुलेंस चालक कमीशन के चक्कर में गंभीर मरीजों को सरकारी अस्पतालों की बजाए निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। जिनसे उनका कमीशन बंधा होता है। ऐसे में मरीजों की शिकायतें अस्पताल प्रबंधन के पास पहुंच रही थी। जिस पर यह निर्णय लिया गया है। हर समय इमरजेंसी के सामने दिखाई देते हैं निजी एंबुलेंस चालक नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड है। यहां से प्रतिदिन गंभीर मरीजों को पीजीआई रोहतक, अग्रोहा ले जाया जाता है। ऐसे में निजी एंबुलेंस चालक हर समय यहां देखे जाते हैं और जब भी कोई मरीज रेफर किया जाता है तो ये चालक उनके संपर्क में आकर उन्हें निजी एंबुलेंस से ले जाने के लिए बोलते हैं। मरीज की जान बचाने के चक्कर में परिजन निजी एंबुलेंस किराये पर कर लेते हैं लेकिन रास्ते में सरकारी अस्पतालों में उपचार की सुविधा अच्छी न होने की बात कह कर उन्हें निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। जिससे मरीज को आर्थिक नुकसान तक उठाना पड़ता है। नागरिक अस्पताल को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं एंबुलेंस चालकः नागरिक अस्पताल के साथ दीवार लगती है। जहां एंबुलेंस चालक हर समय अपनी एंबुलेंस खडा रखते हैं। यहीं से तुरंत अपनी एंबुलेंस को अस्पताल ले जाते हैं और मरीजों को निजी अस्पतालों तक पहुंचाते हैं वहीं नागरिक अस्पताल के पास खड़े निजी एंबुलेंस चालक अब सरकारी अस्पताल को नुकसान पहुंचाने लग गए हैं। नागरिक अस्पताल परिसर में खड़ी एक एंबुलेंस का गत 25 अप्रैल को मॉनिटर चोरी हो गया। जब सीसीटीवी फटेज की जांच की तो एक निजी एंबुलेंस चालक सामने आया। जिसने बाद में मॉनीटर चोरी करने की बात भी स्वीकार कर ली।



**जींद।** नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर चस्पा किया गया नोटिस।

### सख्त कार्रवाई होगी

नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि बिना कॉल के कोई भी निजी एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को नागरिक अस्पताल में खडा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निजी एंबुलेंस को अस्पताल में खडा न करने को लेकर परिसर में नोटिस को चस्पा कर दिया गया है।


## पांच दिनों में केवल 43 बसें ही फिटनेस जांच के लिए पहुंची

# निजी विद्यालय संचालक बसों की जांच को लेकर नहीं दिखा रहे रुचि

## स्कूल बसों की जांच को लेकर पांच दिवसीय शेड्यूल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महेंद्रगढ़ के कनीना स्कूल बस हादसे के बाद भी प्राइवेट स्कूल संचालक बसों की जांच को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे हैं। परिवहन आयुक्त द्वारा प्राइवेट स्कूली बसों की फिटनेस जांच के लिए निर्धारित किए स्पेशल पांच दिन का शेड्यूल समाप्त हो चुका है। इन पांच दिनों में विभिन्न स्कूलों की केवल 43 बस ही फिटनेस जांच के लिए एकलव्य स्टेडियम के पास पहुंची थी। जिसमें से 25 बसों को ही जांच के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए गए। ऐसे में अब डीटीओ कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि आयुक्त द्वारा फिर से शेड्यूल जारी होने के बाद ही बसों की फिटनेस जांच हो पाएगी। वहीं अभी भी जिले में 100 से 'यादा स्कूली बसों की हालत खस्ता है। इसके अलावा कुछ स्कूल संचालकों ने बच्चों के लिए सफेद रंग की वैन लगवा रखी है, जिसमें बच्चों के लिए हेल्पर की व्यवस्था भी नहीं है। वहीं एमवीओ का कहना है कि सुरक्षित वाहन पॉलिसी का निर्वहन नहीं करने वाली स्कूली बसों और कैब का चालान करने का सिलसिला जारी रहेगा। गौरतलब है कि कनीना में हुए सड़क हादसे में आठ बच्चों की मौत के बाद स्कूली बसों की जांच शुरू हुई थी। इस दौरान डीटीओ व यातायात पुलिस की टीम ने तीन दिन में 105 बसों की जांच के दौरान 25 बसों को इंपाउंड किया था और 46 बसों के चालान किए थे। इसके बाद स्कूल संचालक डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिले थे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक में निर्देश दिए थे कि जिले में कहीं पर भी 10 वर्ष से 'यादा पुरानी स्कूल बस नहीं चलने दी जाएगी। दस साल पुरानी बस चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। फिर परिवहन आयुक्त ने स्कूली बस संचालकों को बसों की फिटनेस जांच के लिए पांच दिन निर्धारित किए थे। जिसमें 17 अप्रैल, 20 अप्रैल, 21 अप्रैल, 27 अप्रैल व 28 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया था। सबसे पहले 17 अप्रैल को स्कूली बसों की फिटनेस जांच की गई थी, उस दिन आठ बस जांच के लिए एकलव्य स्टेडियम के पास पहुंची थी। इस दौरान आठ की आठ बस निर्धारित नोरम के अनुसार कमियां पाई जाने पर जांच टीम द्वारा अनफिट घोषित की गई थी। इसमें किसी में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस या स्पीड गर्वनर नहीं था। इसके बाद 20 अप्रैल को 17 बसों की जांच की गई थी, जिसमें 13 बसों को फिटनेस सर्टिफिकेट दिया गया था। जबकि चार बसों में खामियां थी। इन बसों में टायर कमजोर, फर्श कंडम व सीसीटीवी कैमरे नहीं होने जैसी खामियां थी। हालांकि 21 अप्रैल को भी फिटनेस जांच के लिए दिन निर्धारित किया गया था लेकिन कोई बस जांच के लिए लिए रविवार को नहीं पहुंची थी। वहीं 22 अप्रैल को सोमवार को स्पेशल नई बसों की जांच होती है। उस दिन चार बस जांच के लिए पहुंची थी, जिन्हें जांच के बाद सर्टिफिकेट जारी किए गए थे। वहीं 27 व 28 अप्रैल को 14 बसों की जांच हुई थी। जिसमें से 12 बसों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए गए थे।



### नियमों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

एमवीओ संजीव कौशिक ने बताया कि आयुक्त द्वारा दोबारा से कोई शेड्यूल जारी किया जाता है तो फिर से बसों की फिटनेस जांच की जाएगी। वहीं जो प्राइवेट स्कूली बस व कैब सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पालन नहीं करेंगी, उनके चालान किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त द्वारा निर्धारित किए गए फिटनेस जांच के दौरान कम ही स्कूल संचालकों ने रुचि दिखाई है।

### नहीं मिला अधिकारी

रविवार को एक निजी बस का चालक फिटनेस जांच के लिए एकलव्य स्टेडियम के पास पहुंचा था। बस के चालक का कहना था कि वह सुबह जल्दी सात बजे ही एकलव्य स्टेडियम के पास बस की फिटनेस जांच के लिए आ चुका था। उसके मोबाइल पर फिटनेस जांच के लिए मैसेज भी आया थाए लेकिन दोपहर तक इंतजार करने के बाद भी कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचा। वहीं डीटीओ कार्यालय के अधिकारियों का कहना था कि रविवार को कोई बस जांच के लिए नहीं आई थी। वह सुबह दस बजे एकलव्य स्टेडियम के पास गए थे, वहां उन्हें जांच के लिए कोई बस नहीं मिली।



**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस की गिरफ्त में तीन बाइक चोर।

# ऑपरेशन आक्रमणः दो मामलों में 4 मोटरसाइकिल चोर दबोचे

- चार बाइक व 7 के पार्ट बरामद बाइक चोरी के 11 मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते पुलिस द्वारा 2 मामलो मे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अर्जुन नगर कैथल निवासी नवीन कुमार की शिकायत अनुसार 4 मई 2023 को चिल्ड्रन पार्क कैथल के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। उपरोक्त मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एएसआई धर्मसिंह सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी शीशेवाली मस्जिद कैथल निवासी पारस व अर्जुन नगर कैथल निवासी सुरेश कुमार व रिंकू राम को काबू कर लिया गया। जिनसे पूछताछ उपरांत 3 चोरीशुदा बाइक व 7 अन्य चोरीशुदा बाइको के पार्ट बरामद हुए। उपरोक्त आरोपियों की गिरफ्तारी से 10 बाइक चोरी के मामलो का खुलासा हुआ। प्रवक्ता ने बताया दूसरे मामले मे थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी प्रभात द्वारा गांव शेरुखेड़ी निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सीवन गेट कैथल निवासी सुनिल कुमार शिकायत अनुसार 24 जून 2023 को जाट स्कुल कैथल गेट नं 2 के पास खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज किया था।

# तीन लोगों की मौत के मामले में आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- राजस्थान में खाटू श्याम के दर्शन कर घर वापस पंचकुला जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी क्षेत्र में नेशनल हाइवे 152 डी पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हादसा 26 अप्रैल को शाम के समय हुआ था, जिसमें दंपत्ति व उनकी बेटी की मौत हो गई थी। वे राजस्थान में खाटू श्याम के दर्शन कर अपने घर वापस पंचकुला जा रहे थे। जब पूंडरी क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी कार एक ट्राले से टकरा गई थी, जिसमें तीनों की मौत हो गई थी। फ्रैंड्स इन्कलेव किशनपुरा डाकौली जीरकपुर पंजाब निवासी साहिल गेरा ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वह स्टडी विजा लगाने का काम करता और करनाल में ऑफिस है। उसके मौसा मनोज कुमार का लड़का अनादि दत्ता ऑस्ट्रेलिया में अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रहता है। अनादि दत्ता एक महीने से अपने पत्नी व बच्चे के साथ घर पर आया हुआ था। 24 अप्रैल को अनादि दत्ता को अपने परिवार संहित वापस आस्ट्रेलिया जाना था। अनादि दत्ता उसकी पत्नी व बच्चे को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने के लिए उसका मौसा मनोज कुमार, मौसी उर्मिल मेहता व लड़की चेतना कार में जा रहे थे। अनादि, उसकी पत्नी व बच्चे को दिल्ली एयरपोर्ट से हवाई जहाज में बैठाकर उसका मौसा मनोज कुमार, मौसी उर्मिल मेहता व चेतना कार में दिल्ली से श्री खाटू श्याम सीकर राजस्थान में माथा टेकने के लिए चले गए। 26 अप्रैल को उसके भाई सागर ने मौसा मनोज कुमार के पास कॉल की। फोन किसी पुलिस कर्मचारी ने उठाया व बताया गया कि आपके मौसा की कार का एक ट्राला के साथ नेशनल हाइवे 152डी पर पूंडरी के पास एक्सीडेंट हो गया है।

### इंद्रजीत बने पीपीआई के लोकसभा प्रत्याशी

**कैथल।** हरियाणा कम्बोज सभा की आवश्यक बैठक सरदार जरनैल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में पूरे हरियाणा के राजनैतिक परिदृश्य पर चर्चा की और पिछड़े वर्गों के मांग मुद्दों पर गहन चर्चा की तथा विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा पिछड़े वर्गों की अनदेखी के साथ साथ कम्बोज समाज की अनदेखी पर भी विश्लेषण किया गया और चर्चा के उपरांत ब्लाक कैथल के प्रधान इंद्रजीत सिंह कम्बोज का नाम कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर फाइनल किया और इसका प्रस्ताव पीपल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जांगड़ा को भी भेजा। इस पर पीपल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक की इकाई ने चर्चा के पश्चात इंद्रजीत सिंह कम्बोज को अपना प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया। इससे पूर्व पीपल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक की ओर से कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी के तौर पर सरदार हरदेव सिंह का नाम फाइनल था। कम्बोज समाज की मांग का समर्थन और स्वागत करते इंद्रजीत सिंह कम्बोज के समर्थन में बैठने का फैसला किया।

# सड़क के गड्ढों से लोग परेशान

- सेरधा से नंदकरण माजरा को जाने वाली सड़क पर गहरे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव सेरधा से नंदकरण माजरा को जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे है। ग्रामीण रामकिशन, प्रताप, मदन, हवा, बीरबल, बालकिशन, प्रहलाद, संदीप ने बताया कि जगह जगह टूटी फूटी सड़क के कारण आए दिन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन लोगों ने बताया कि इस सड़क को लेकर वह पिछले लंबे समय से प्रशासन को अवगत करवा चुके है। इन लोगों ने बताया कि कई वाहन चालक अपने वाहन तुड़वा चुके है। सड़क की दयनीय हालत के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है। रात के समय सड़क से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। इन्होंने बताया कि कई बार संबधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवा चुके है। परंतु विभाग इस ओर लंबी तान कर सोया हुआ है। इन लोगों ने मांग करते हुए कहा कि इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि वाहन चालकों को किसी समस्या से जूझना न पड़े।



**राजौंद।** सेरधा से नंदकरण माजरा को जाने वाली सड़क पर बने गड्ढे।

## छह मई नामांकन की अंतिम तिथि, सात को होगी जांच

# आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा में लोकसभा चुनाव की नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को हो जाएगी और इसके साथ ही नामांकन जमा करने की शुरुआत होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि छह मई है तथा 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। मतदान का दिन 25 मई रहेगा और 4 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडीडेट नोमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें आनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडीडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है।

### हर नागरिक जरूर डाले वोट : डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना वोट अवश्य डालना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है वे अपना वोट बनवाएं और आम नागरिकों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। जिला प्रशासन द्वारा भी लोकसभा चुनाव 2024 में वोट प्रतिशतता बढ़ाने व वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अक्षरशः पालना करना सुनिश्चित करें। अगर कोई व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**दिव्यांग एप से करवा सकते हैं मत की जांचः** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोड़ कर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हैल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया है। एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सभी एप और उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

# क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वायंट का ऑफर देकर लगाया साढ़े 97 हजार का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तथाकथित बैंककर्मी ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वायंट ऑफर का झांसा देकर व्यक्ति को लगभग साढे. 97 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास फोन पर कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वायंट ऑफर की बात कही। कॉल को बैंककर्मी की तरह प्रोफेशनल तरीके से किया गया था। कॉल के दौरान उसने ओटीपी देने के लिए कहा लेकिन उसने आटीपी शेयर नही किया। संदेह होने के चलते उसने फोन को काट कर स्विच ऑफ कर दिया। कुछ समय के बाद जब उसने फोन को ऑन किया तो उसके क्रेडिट कार्ड से साढे. 97 हजार रुपये गायब थे। साइबर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**खबर संक्षेप**

### असलहा के साथ दो काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध असलहा के साथ काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड ऑटो स्टैंड पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### 42 प्रतिशत हुआ गेहूं का उठान

**उचाना।** उचाना में हुई गेहूं की खरीद में से अब तक 42 प्रतिशत गेहूं का उठान शनिवार तक हुआ। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि उचाना मंडी में डीएफएससी उठान, खरीद के मामले में नंबर वन पर है। उचाना मंडी में 377306 क्विंटल गेहूं की खरीद डीएफएससी ने की है तो उठान अब तक 39 प्रतिशत हुआ है। हैफेड ने 240571 क्विंटल गेहूं की खरीद की है तो उठान अब तक 31 प्रतिशत हुआ है।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू

**जींद ।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने आदर्श कालोनी में सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 1080 रुपये तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श कालोनी निवासी कुलदीप दुकान के बाहर सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुलदीप को काबू कर लिया।

### छह को नामांकन भरेंगी नैना चौटाला

**उचाना।** उचाना जेजेपी कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि हिसार लोकसभा से जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला 6 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। 2014 में हिसार की जनता ने दुष्यंत चौटाला को सबसे युवा सांसद देश का बनाने का काम किया था। इस बार नैना चौटाला को सांसद बना कर हिसार लोकसभा से पहली महिला सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम मतदाता करेंगे।

### तीसरी कक्षा तक के लिए समय सारिणी होगी लागू

**जींद।** राजकीय विद्यालयों में बाल वाटिका से तीसरी कक्षा तक के लिए एफएलएन के तहत एक सामान्य समय सारणी लागू होगी। हरियाणा शिक्षा परिषद ने पत्र जारी निर्देश कि निपुण दिशानिर्देशों के तहत यह बहुत महत्वपूर्ण है कि विद्यार्थियों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में निपुण बनाने के लिए हिंदी गणित और अंग्रेजी विषयों में पर्याप्त शिक्षण समय मिलना आवश्यक है।

### एक व्यक्ति से 10 बोतल शराब बरामद

**सफीदों ।** सफीदों पुलिस ने व्यक्ति से 10 बोतल शराब बरामद हुई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिटानी कि तरफ से बिट्टु निवासी गांव हाट कच्ची नाजायज शराब लेकर गांव की तरफ आ रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति गांव बिटानी की तरफ से हाथ में प्लास्टिक की कैनी लिए आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया।

### रिटायर्ड कर्मचारियों की हुई बैठक

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे के भामाशाह पार्क में रिटायर्ड कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान ईश्वर ठाकुर ने की। बैठक में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ईश्वर ठाकुर ने कहा कि निजी बस हादसे में 6 बच्चे मारे गए हैं उनके प्रति रिटायर्ड कर्मचारी शोक व्यक्त करते हैं।

### भाजपा के राज में किसान, आढ़ती दुःखी

**उचाना।** जेजेपी शहरी अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा के राज में किसान, आढ़ती आज परेशान है। गेहूं का उठान नहीं होने से आढ़ती परेशान है। मंडी में दुकानों के आगे आढ़तियों द्वारा बड़े-बड़े गेहूं के बैगों के स्टैक लगाए हुए है। गेहूं की रफ्तार कम है।

## संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने की प्रदेशस्तरीय कन्वेंशन का आयोजन

# जल्द से जल्द गेहूं का उठान और फसल का भुगतान की मांग उठाई

### सभी तबकों से तालमेल करके गांव-गांव जाकर भाजपा-जजपा के विरोध में जनता को करेंगे लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

जाट धर्मशाला में रविवार को हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सभी किसानों, मजदूरों व अन्य तबकों से पुरजोर आह्वान किया गया कि लोकसभा चुनावों में भाजपा-जजपा को दंडित करें। कन्वेंशन की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठनों के नुमाइंदों बलबीर सिंह, कवरजीत सिंह, बारुराम, जियालाल, राजीव मलिक, कैप्टन रणधीर चहल, सतीश आजादख ईश्वर राठी, गुरदीप सिंह, मांगेराम, दिलबाग मोर, अजीत ने संयुक्त तौर पर की।

सभी संगठनों के पदाधिकारियों के अध्यक्ष मंडल के तहत चली कन्वेंशन में कहा गया कि ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान किए गए जुल्मोसितम और विश्वासघात के लिए अब चुनावों में हिसाब चुकता करने का समय आ गया है। सभी जिलों से विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े सैंकड़ों कार्यकर्ता इस कन्वेंशन में शामिल हुए और एक सुर में कापारे्रट सांप्रदायिक गठजोड़ वाली मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ कर फैंकने का संकल्प लिया।

कन्वेंशन के शुरू में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा गत 14 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में हुई किसान-मजदूर महापंचायत में भाजपा को दंडित करने के निर्णय को हरियाणा में सफलता से लागू करने की दिशा में रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। किसान नेताओं ने मोदी सरकार को आजतक की सबसे 'यादा किसान व जनविरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा एक बार फिर जनता को धर्म और जाति के नाम पर जहर फैलाने और भावनाएं भड़काने के आपराधिक क्रियाक्लाप कर रही है। इनके नफरत फैला कर वोट हथियाने के राष्ट्रविरोधी मनसूबों को विफल करना होगा। भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ जनता में जो आक्रोश प्रकट हो रहा है, उसको रेखांकित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जनतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रकट करें और सभी तरह के उकसावे से बचें।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कन्वेंशन में सहकारी समितियों में दोबारा से ब्याज लगाने का जो प्रयास हरियाणा सरकार कर रही है, उसका प्रदेश भर में संयुक्त मोर्चा विरोध करेगा। मोर्चा ने किसानों से अपील की है की सरकार के इस निर्णय का हर स्तर पर विरोध करें। मोर्चा ने कन्वेंशन के माध्यम से जल्द से जल्द गेहूं का उठान करने और किसानों को उनकी फसल की जल्द भुगतान की मांग की है। मोर्चा ने नीलम आजाद समेत अन्य गिरफ्तार किसान नेताओं की रिहाई की मांग भी की है।

**ये रहे मौजूद**

कन्वेंशन में यह तय किया गया कि हर जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव के स्तर पर परस्पर तालमेल करके अन्य तबकों के संगठनों से एकता बनाते हुए भाजपा व जजपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए जुटकर लोगों के बीच जाएंगे। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह, रत्नमान, सुरेश कौथ, जोगेंद्र नैन, रणबीर मलिक, मनदीप नथवान, आजाद पालवां, कुलदीप पूनिया, विकास सींसर, रामफल दहिया, ईश्वर सिंह दहिया, मास्टर सतीश कुमार, डा. सुखदेव जम्मू, बाबा गुरदीप सिंह, कपूर सिंह, सुमित लाठर, सतबीर पूनिया, सिक्किम नैन ने संबोधित किया।

## गुरूतेग बहादुर के प्रकाशोत्सव पर धार्मिक समागम आज : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी परमिंद्र कौर

नौंवी पातशाही गुरूतेग बहादुर साहिब के प्रकाशोत्सव की खुशी में स्थानीय गुरूद्वारा गुरूतेग बहादुर साहिब में सोमवार सायं चार बजे से कार्यक्रम की समाप्ती तक धार्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। इस समागम में बाहर से आए रागी जत्थों व प्रचारकों द्वारा गुरू इतिहास के बारे में जानकारी दी जाएगी।

गुरूघर प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि धार्मिक समागम की शुरूआत स्थानीय गुरूद्वारा साहिब के रागी भाई जसबीर सिंह रमदासिया के रागी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन गायन किए जाएंगे।

उसके बाद गुरूद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी एवं प्रसिद्ध कथावाचक गुरविंद्र सिंह रत्तक अपने कथा प्रवचनों में हिंदुस्तान की आजादी में गुरूतेग बहादुर साहिब की कुर्बानी के प्रकाश डालेंगे। इसके बाद गुरूद्वारा मंजी साहिब कैथल से आए कथावाचक भाई साहब सिंह चक्कू अपने कथा प्रवचनों में गुरू तेग बहादुर साहिब की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई नवनीत सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरूबाणी शब्द कीर्तन गायन किया जाएगा। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी परमिंद्र कौर ने कहा कि गुरू तेग बहादुर साहिब अद्वितीय आत्मबलिदानी थे। उन्होंने कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए दिल्ली के शीशगंज में अपना शीश कटा कर प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इस अभूतपूर्व बलिदान के कारण ही उन्हें हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर कहकर सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सायं दीपमाला का आयोजन भी किया जाएगा।

### अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करें: मुकेश

**गुहला-चीका।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार के निर्देशानुसार शनिवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग चीका ने सामूहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं आपूर्ति विभाग चीका के सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी मुकेश गुप्ता, इंस्पेक्टर जयभगवान, सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने की। मुकेश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता को अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर निरीक्षक मुकेश कुमार, निरीक्षक विवेकानंद, रोशन शर्मा, सुरेश प्रजापत, भी मौजूद रहे।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

जुलानाखंड के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में खंड के 80 शिक्षकों ने पहले चरण के बैच मे भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। केंप में दो बैच बना कर 40-40 शिक्षकों को कक्षा चौथी व पांचवीं के लिए इस सत्र के लिए एफएलएन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है उसी की ट्रेनिंग उन्हें दी गई हैं। इस कैंप की देख रेख विद्यालय में प्राचार्य देवेंद्र फौगाट की अध्यक्षता में हुई। कैंप के समापन समारोह में एपीसी सरताज व खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने शिरकत की। उन्होंने सभी प्राथमिक शिक्षकों से कहा कि हमें इस तरह की ट्रेनिंग का पूर्ण रूप से फायदा उठा कर बच्चों तक पहुंचाने का काम करते रहना चाहिए। इस तरह से बच्चों को भी नए-नए तरीकों से पढ़ने मे आंनद आ सके और वे सही तरीके से ग्रहण कर सके। शिक्षकों को समय समय पर अपने जीवन में बदलाव करना चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों को कहा कि सभी अपने अपने विद्यालय में टीएलएम बना कर बच्चों को सिखाने का काम करते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कोर्डिनेटर बलराज, सुदेश सहरावत, मास्टर ट्रेनर अन्नू, दीपिका, नेहा, ममता आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। ज्ञानचंद, कर्मबीर, सुभाष, कृष्ण, नीतू मौजूद रहे।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सी.विजिल एप पर करें शिकायत

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने व उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी. विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव संबंधी शिकायतों को किसी भी व्यक्ति द्वारा अपलोड किया जा सकता है। सी विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी.विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के तहत ही शिकायत का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। निस्तारण के पश्चात विवरण शिकायतकर्ता के सी.विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो।

## मतदान करने के लिए किया आह्वान

- पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए हवन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। आर्य समाज ने शुद्धि एंव समृद्धि के लिए हवन यज्ञ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल आर्य ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र महाराज एवं महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र का गुणगान किया । यशपाल आर्य ने ईश्वर स्तुति प्रार्थना के विधान को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए। 1946 में सियालकोट हिंदू बहुल क्षेत्र था। जनमत सर्वेक्षण करवाया गया। जनमत सर्वेक्षण में मुसलमानों ने प्रात काल से ही लम्बी पंक्तियां बनाकर भारी मतदान किया और हिंदू आलस्य और प्रमाद के कारण मतदान से बाहर रहा। परिणाम यह हुआ की 55000 वोट से सियालकोट पाकिस्तान में चला गया। 1931 की जनगणना में सियालकोट में 253000 हिंदू थे और 1951 की गणना में मात्र 10000 और आज वहां पर 500 हिंदू रह गए। इसलिए सभी मतदाताओं से अपने योग्य समर्थ प्रत्याशी को चुनने के लिए मतदान में अवश्य भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर जयपाल आर्य, वेदपाल आर्य, संजीव, प्रताप सिंह आर्य, किताब सिंह, रवि एवं अन्य आर्यगण उपस्थित रहे।

## धन्ना भगत की जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

रविवार को नगर के वार्ड नंबर 6 स्थित आहलूवालिया भवन में भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 1 मई को पिल्लूखेड़ा में मनाई जाने वाली भगत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती समारोह की तैयारियों के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक का संयोजन प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक गीता बिटानी ने किया। बैठक में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस बैठक में बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय कीर्ति आह्वान समिति के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने शिरकत की। अपने संबोधन में एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि एक मई को पिल्लूखेड़ा में भगत शिरोमणि धन्ना भगत की रा'य स्तरीय जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि संतो ने भक्ति के लिए अपना सर्वस्व त्यागकर समाज में अपनी अनुकरणीय छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने जीवन चरित्र से समाज को सेवा व समर्पण की सीख दी है ताकि सभ्य समाज की संरचना हो सके। सुभाष , राजकुमार रोहिला, ईश्वर सिंह, आशीष मौजूद रहे।

## सुंदर-सुंदर झांकियों से मोहा मन

- वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में हुआ संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्कूल स्टाफ व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में श्री सालासर बालाजी महाराज, श्री खाटू श्याम जी और माता वैष्णो देवी के नाम का संकीर्तन का आयोजन किया गया। डायरेक्टर एनएन शर्मा, अस्सिस्टेंट डायरेक्टर आशुतोष शर्मा और प्रधानाचार्या सुकीर्ति शर्मा ने ज्योति प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्या सुकीर्ति शर्मा ने बताया कि हमारे बच्चों को हमें अपने धर्म संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। जिससे हम अपनी युवा पीढ़ी में संस्कार पैदा कर सके ताकि भविष्य में बच्चे उनके द्वारा दिए गए सकारात्मक विचारों को अपने जीवन में धारण कर प्रगति की राह पर चल सके पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी है। बच्चों में पढ़ाई के साथं बड़ों की सेवा करना भगवान का नाम लेना बहुत जरूरी है। राधा कृष्ण, शिव पार्वती, हनुमान जी की सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई। अलग-अलग झांकियों ने बच्चों के मन को मोह लिया। उपस्थित सभी बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया और अंत मे आरती कर के प्रसाद वितरण किया गया।



जींद। माता के कीर्तन में भजन गाते हुए अशोक पुजारी। फोटो :हरिभूमि

### कीर्तन में माता की महिमा का गुणगान किया

**उचाना।** रजबाहा रोड स्थित प्रमुख समाज सेवी एवं प्रापर्टी डीलर एसोसिएशन प्रधान वीरेंद्र करसिंधु के आवास पर माता के कीर्तन का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन पुजारी अशोक शर्मा ने भजन मंडली के साथ माता की महिमा का गुणगान किया। माता के गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आए मां, भक्तों के कष्ट दूर करने वाली, शेर पर सवार होकर आजा शेरावालिए सहित भजनों के माध्यम से माता की महिमा का वर्णन किया। झूम-झूम नाचे देखो वीर हनुमाना, अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दे की झांकी पर श्रद्धालु झूमे। पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि जिस घर में माता का कीर्तन होता है वह घर सौभाग्यशाली होता है। सच्चे मन से माता की पूजा-अर्चना करने से माता प्रसन्न होती है। भजन-कीर्तन के माध्यम से धर्म का प्रचार भी होता है। मन में धार्मिक भावना होनी जरूर है। आपका मन किसी का दुख नहीं देख सकता, दुखी की मदद आप करते हो तो आप इंसान के रूप में भगवान का अवतार हो। दूसरे के प्रति हमदर्दी ही मानव जीवन को सफल बनाती है।

### पिछले 10 सालों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या में वृद्धि

# समिति चलाएगी मनुवादी ताकतों के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में मौजूद समिति पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

लोकसभा चुनावों में महिला विरोधी और मनुवादी ताकतों को हराया जाना जरूरी है। जनवादी महिला समिति इसके लिए महिलाओं के बीच में अभियान चलाएगी। यह फैसला जनवादी महिला समिति की जिला कमेटी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नूतन प्रकाश ने की और संचालन कार्यकारी जिला सचिव कोशिगन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए रा'य अध्यक्ष सविता ने कहा कि पिछले 10 सालों में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में भारी बढ़ोत्तरी है। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि पूरे देश में महिलाओं के खिलाफ 28 प्रतिशत अपराध बढ़े हैं। हर दिन 88 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की हकीकत सबके सामने है। भाजपा सरकार ने महिलाओं की बजाय, उनके खिलाफ हिंसा करने वालों को सरकारी संरक्षण दिया है। मंत्री संदीप सिंह, बृजभूषण शरण, कुलदीप सिंह सेंगर, स्वामी चिन्मयानंद, बाबा राम रहीम, आसाराम बापू, हाथरस, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, आसिफ बिलकिस बानो के अपराधियों को कौन नहीं जानता कि वे भाजपा के नेता और कार्यकर्ता रहे हैं तथा उनको बचाने के लिए भाजपा सरकार ने ऐडी चोटी का जोर लगा दिया। मनुवादी सोच रखने वाले ये गिरोह महिलाओं को पुनः संविधान की रोशनी से निकाल कर मनुस्मृति के अंधेरों में धकेलने की चाल चल रहे हैं । महंगाई व बेरोजगारी की सबसे 'यादा शिकार भी आम महिलाएं हो रही हैं। चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को पारित करना महिलाओं की आंखों में धूल झोंकना है। क्योंकि आने वाले दस सालों में भी इसके लागू होने की कोई संभावना नही है। महिलाओं को साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा को सबक सिखाना जरूरी है। इसलिए जनवादी महिला समिति महिलाओं के बीच में भाजपा को हराने के लिए अभियान चलाएगी। बैठक में नीलम, भतेरी, कविता ने हिस्सा लिया।




जींद। भंडारा लगाने के मौके पर मौजूद सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### भाविप ने आयोजित किया मासिक भंडारा

**जींद।** भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा द्वारा सफीदों गेट पर मासिक भंडारा लगाया गया। भंडारे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एडवोकेट अतुल गर्ग एवं मोहित गोयल ने बताया कि शाखा द्वारा काफी समय से हर महीने किसी एक रविवार को परिषद द्वारा भंडारा लगाया जाता है। भारत विकास परिषद हमेशा ही सेवा और संस्कार के कायोंर् को करने में तत्पर रहती है। इस भंडारे में शाखा अध्यक्ष नारिश रोहिल्ला, शाखा सचिव मनधीर कौशिक, महिला प्रमुख रीटा बंसल, उपाध्यक्ष बालकिशन बंसल, सतीश गुप्ता, शिव कुमार गोयल, परमजीत सेठी, कुसुम शर्मा, मनीषा रोहिला, सोनी गोयल, विनोद सोनी, सहसचिव एडवोकेट अंकुश शर्मा, जयगोपाल वर्मा, नरेंद्र सिंगला, हरिचंद सिंगला आदि कई शाखा सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घर बैठे डाउनलोड करें डिजिटल वोटर कार्ड

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। डीसी ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड फोन या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है।

### नगर में कोई भी पार्क न होने से नगरवासी परेशान

**राजौंद।** नगर में कोई भी पार्क न होने से लोगों को बहुत भारी परेशानी हो रही है। क्योंकि सुबह मार्निंग वाक जाने के लिए लोगों को मुख्य मार्ग पर ही जाना पड़ता है। जिससे हादसे होने का भय बना रहता है। लोगों ने नगर में पार्क बनाने की कई बार डिमांड रखी है। लेकिन इस और प्रशासन व सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। जबकि आज के समय में सुबह.शाम सैर व योग इत्यादि के लिए पार्क का होना बहुत जरूरी है। नागरिक रामकुमार पवन कुमार, जयकिशन, रामबाबू, जयदेव, विशाल, हवा ने बताया कि कहने को तो यहां नपा बनाई गई है लेकिन पार्क बनाने के लिए आज तक भी सरकार व प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाए। जिससे लोगों को सड़कों पर सुबह सैर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### अलग-अलग मामलों में तीन व्यक्ति लापता, केस

**कैथल।** तीन अलग-अलग मामलों में तीन व्यक्ति घर से लापता हो गए। पहले मामले में कलायत थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने कलायत थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि उसका पति बजिंद्र नपा कलायत में सफाई कर्मचारी है। उसका पति 25 अप्रैल को ड्यूटी पर गया था। उसके बाद से वह लौट कर नहीं आया है। वह अपना फोन भी घर छोड़ गया था। दूसरे मामले में सजूमा की पूनम ने कलायत थाना में शिकायत दी है कि 18 अप्रैल को उसके 62 वर्षीय पिता धर्मपाल घर से लापता हो गए।

### नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री न छापे: पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों का आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेने जरूरी हैं।

### एप से केंद्र पर लाइन की जानकारी मिलेगी: पंवार

**कैथल।** अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है।

# गुहला विधायक ने राजनैतिक रूप से संन्यास लेकर विरासत पुत्र रणधीर को सौंपी

- अग्रवाल धर्मशाला में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में ऐलान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका**



**गुहला चीका।** विधायक ईश्वर सिंह के सन्यास लेने की घोषणा से सुबकते हुए लोग।

अग्रवाल धर्मशाला चीका में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में गुहला हलका के विधायक ईश्वर सिंह ने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा कर दी और भविष्य की राजनीति के लिए अपने ज्येष्ठ पुत्र रणधीर सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंप दी। इस अवसर पर मौजूदा लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि वे करीब 5 दशक तक राजनीति में सक्रिय रहकर लोगों की सेवा की और इस दौरान उन्होंने अपने निजी व राजनीतिक जीवन में बहुत उतार चढ़ाव देखे। विधायक ने कहा कि वे इस हलके से 2 बार विधायक बने, हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन रहे, राज्यसभा के सदस्य चुने गए। एस.सी.एस.टी. आयोग के सदस्य बने, रेलवे बोर्ड के सदस्य बनाए गए आदि उनकी राजनीतिक उपलब्धियां हैं। ईश्वर सिंह ने कहा कि जब वे पहली बार विधायक बने तो उनकी उम्र महज 20 वर्ष की थी और उन्हें आज भी यह अच्छी तरह से याद है कि वे जब अपना कार्यभार संभालने के लिए घर से जाने लगे तो उनके पिताश्री ने उन्हें दो बातें सिखाई थी और कहा था कि एक तो जवानी का नशा है और उसके ऊपर सत्ता प्राप्ति का नशा है।

विधायक ने यह भी घोषणा की कि उन्होंने राजनीति से सन्यास लिया है परंतु सामाजिक जिन्दगी में वे पूरी तरह से सक्रिय रहेंगे और लोगों के सुख व दुख में लगातार भागी बनते रहेंगे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में रणधीर सिंह ने कहा कि चार दिन पहले उन्होंने जजपा की प्राथमिक सदस्यता एवं हरियाणा डेयरी विकास संघ की चेयरमैनी से इस्तीफा दिया है और अब वे अपने पिताश्री की राजनीतिक विरासत को संभालने व गुहला हलके के लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि समर्थकों से उनका राय मशविरा हो चुका है और वे जल्द ही किसी नई पार्टी में जाने की घोषणा करेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि वे कांग्रेस पार्टी में जा सकते हैं और उम्मीद है कि कुमारी शैलजा जिस दिन लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरेंगी तो वे उस दिन कांग्रेस पार्टी में शामिल हो जाएंगे। इस अवसर पर चीका नगरपालिका चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी भी मौजूद रही।

विधायक ईश्वर सिंह ने जब राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की तो उनके दर्जनों समर्थक भावुक हो गए और सुबक-सुबक कर रोने लगे, जिन्हें स्वयं भावुक हुए विधायक ईश्वर सिंह ने संभाला और उन्हें ढांढस बंधवाया। लोगों ने भी विधायक का आभार प्रकट किया कि उनके लम्बे राजनीतिक जीवन में जब भी उन्हें उनकी जरूरत पड़ी तो उन्होंने पीठ नहीं दिखाई और उनके सदा काम आए।

## गोशाला में रखी जा रही क्षमता से अधिक गाय

# शहर में घूम रहे लावारिस गोवंश से बढ़ी दुर्घटनाएं, चालक दुःखी

शहरवासी कई बार प्रशासनिक उच्चाधिकारियों व पालिका अधिकारियों से गुहार लगा चुके

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी**



पूंडरी शहर में सडक के बीच में बैठा गोवंश। फोटो :हरिभूमि

*गौशाला में पहले भी क्षमता से अधिक गोवंश है। इस समय गौशाला में लगभग 2500 गोवंश है। इस समय गौशाला में स्थिति यह है कि गौशाला में क्षमता 1500 गोवंश की है, लेकिन गौशाला में 1 हजार गोवंश अधिक है। ऐसी स्थिति में गौशाला में ओर गोवंश रखने की जगह नहीं है। सडकों पर जो गोवंश घूम रहा है, वह अधिकतर सांड है, जो गौशाला में भी गायों को परेशान करते है और मारते है।*
***ओमप्रकाश गोलन**, गौशाला प्रधान पूंडरी।*

*उनके कोई भी शिकायत नहीं आई है। उसके बावजूद भी वे शहर में घूम रहे गोवंश को पकड़वाने की कार्रवाई करवाते है। दुकानदारों को बोल दिया गया था कि वे नाले से आगे दुकानों का सामान ना रखें और नाले पर लोहे के जाल बनाकर ही लगाएं। फिर भी कोई दुकानदार सडक पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। **अशोक कुमार**, सचिव नगरपालिका पूंडरी।*

पूंडरी शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंश से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है। जिसकी वजह से आम नागरिक से लेकर दुकानदार भी काफी परेशान है। जिसको लेकर शहरवासी व दुकानदार कई बार प्रशासनिक उच्चाधिकारियों व पालिका अधिकारियों से भी मिल चुके है। रात के अंधेरे में आसपास के गांव से किसान भी इन्हें शहर में छोड़ जाते है। शहर की विभिन्न सड़कों पर कम से कम 300 गोवंश में घूमता रहता है। कई बार ये गोवंश सडक के बीचों-बीच बैठा रहता है और कई बार आपस में सांड लड़ते हुए आसपास के दुकानदारों व राहिगिरों को चोटिल कर देते है। शहरवासी राजपाल, प्रवीण शर्मा, नरेश कुमार, दिलबाग सिंह, अजमेर सिंह, टींकू व रोशन लाल ने बताया कि शाम होने के बाद अंधेरे में कई बार सामने से लाइटें पडने पर सडक पर बैठे और चल रहे गोवंश पर नजर नहीं पड़ती और दुर्घटना भी हो जाती है। रात को ब्राउन व काले रंग का गोवंश तो बिल्कुल दिखाई ही नहीं देता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गोवंश को अन्य कही छोड़ नहीं सकते है तो इनके गले में रियक्लेटर तो जरूर बंधवा दें, ताकि वाहन चालकों को लाइट में पता चल जाए कि सडक पर सामने कुछ है। पूंडरी शहर की मुख्य बाजार वाली सडक पर तो इतना बुरा हाल है कि सडक के दोनों साइड दुकानदारों ने पांच से छह फूट तक अवैध अतिक्रमण किया हुआ है और दुकान का सामान बाहर सडक पर रखा होता है। शेष बची सडक पर कई बार गोवंश के बैठ जाने और खड़ा रहने से जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि गोवंश को पकडकर गौशाला या अन्य जगह छोड़ा जाए।



**कैथल।** बैठक में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक। फोटो :हरिभूमि

## लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों का विशेष ध्यान रखा जाए : रूलदू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन नजदीक पेहोवा चौक में प्रधान रूलदु राम व संरक्षक यशवीर आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम गायत्री मंत्र का तीन बार उच्चारण किया गया इसके बाद समिति के प्रधान व सभी सदस्यों ने प्रशासन से प्रार्थना की कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों का विशेष ध्यान रखा जाए जैसे की गर्मी के मौसम को देखते हुए वहां पीने के पानी की व्यवस्था करवाई जाए व बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। उनका वोट प्राथमिकता के तौर पर डलवाया जाए व देशवासियों से यह अपील की गई की सभी अपने मत का प्रयोग करें। क्योंकि हमारे एक वोट का सदुपयोग करने से राष्ट्र का निर्माण होना होता है। सभी देशवासी जाति धर्म से ऊपर उठकर योग्य उम्मीदवार को चुने । चुनाव के दौरान सभी मिलजुल कर रहे व आपसी भाईचारा बनाए रखें । प्रशासन से पुन अपील की गई कि जब भी वरिष्ठ नागरिक अपने कार्य के लिए दफ्तर में जाते हैं उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाए व उनके कार्य को प्राथमिकता दी जाए। जो बुजुर्ग घरो में अकेले रहते हैं सरकार के आदेश अनुसार उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। इस अवसर पर यह भी विचार आया कि 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को वोट देने की व्यवस्था उनके निवास स्थान पर की जाए ।प्रधान रुलदु रामए सुभाष वर्मा जनरल सेक्रेटरीए चांदीराम रंगा म्ग. पदेचमबजवतए संतलालए हवा सिंह सोहनलाल मौजूद रहे।

## राष्ट्रहित के मुद्दों पर कांग्रेस सदैव चुप रही, भाजपा ने काम किया: मनोहर

**कैथल।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज कैथल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से जिताने के लिए आयोजित विजय संकल्प रैली में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में विकास के जो कार्य किये और भारत को एक नए शिखर पर पहुंचाया, उससे कांग्रेस पार्टी बौखला गई है क्योंकि उसने 60 साल के अपने शासन काल में उतने कार्य नहीं किये। राहुल गांधी आज फिर वही गरीबी हटाओ का शगूफा लेकर आए हैं, जो उनकी दादी इंदिरा गांधी आज से 54 साल पहले लेकर आई थीं। यहां रामलीला ग्राउंड में आयोजित विजय संकल्प रैली में मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशवासियों को कर्मठ बनाना चाहती है और उनके कौशल, उनके काम से उन्हें लखपति बनाने के लिए प्रयासरत है, जबकि कांग्रेस लोगों को घर बैठे पैसे देने का वादा कर रही है।

## मारपीट और धमकी के तीन मामलों में 24 पर केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**

पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन मामलों में 24 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव पाडला के देव कुमार ने सदर थाना में शिकायत दी कि 25 अप्रैल को शाम के समय आरोपी राहुल, शेखर, भरत, भानुप्रताप, मितु, सुजल, लक्की व तीन-चार अन्य आरोपियों ने उसे डंडे व रॉड से पीटा। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी जयपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव धनौरी निवासी सुमन ने सदर थाना में शिकायत दी कि 21 अप्रैल को आरोपी मामू, डिंपी, मनीष, रामभुल, गुरबचन व तीन अन्य ने उसे व उसके परिवार के सदस्यों को डंडे, लाठी, रॉड व सरिये से हमला कर चोटिल कर दिया। तीसरे मामले में गांव धनौरी निवासी मनीष ने सदर थाना में शिकायत दी कि 26 अप्रैल को आरोपी विक्रम, बंटी, बबलु, अमना व प्रीतम ने उसे व उसके भाई को लाठी, रॉड व ईंटों से हमला कर घायल कर दिया।

## ऑपरेशन आक्रमण: 53 आरोपितों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**





**कैथल।** पुलिस द्वारा काबू किए गए पीओ। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा में अपराध नियंत्रण हेतु कैथल पुलिस द्वारा ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 53 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 40 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 185 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग 26 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 23 मामलों में 23 आरोपी काबू करके 157 बोतल देसी व 263 बोतल हथकढी तथा 420 बोतल अंग्रेजी शराब,1629 बोतल बीयर व 312 केन बीयर तथा 720 लीटर लाहण बरामद किया गया है। अभियान के तहत पुलिस ने 4 उद्घघोषित अपराधियों को भी काबू किया। बताया कि सट्टा खाईवाली के 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर 3240 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई।

## चीका में पावर ग्रिडों की मेंटेनेंस के चलते कुछ दिन ओर बिजली सप्लाई रहेगी बाधित: दीपक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका**



- उपभोक्ता संयम रखें व सहयोग भी करें

उपमंडल अधिकारी ऑपरेशन चीका दीपक शर्मा ने चीका शहर के सभी बिजली उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए बिजली लाइनों की मरम्मत, पावर ग्रिड के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाने, 33 के.वी. मेन लाइन के पुराने कंडक्टर को बदलकर नए कंडक्टर डालनें आदि मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है ताकि बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी के सीजन में बिजली संबंधित समस्याओं का सामना ना करना पड़े और उन्हें निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई मिलती रहे। शर्मा ने बताया कि मेंटेनेंस के कार्यों के चलते विशेष रूप से हाउसिंग बोर्ड, डेरा भाग सिंह, हैफेड रोड़, पटियाला रोड़, पेहवा रोड़, खुशहाल माजरा रोड़, चीका गांव, हंस नगर, शक्तिनगर, अंबा कॉलोनी, कैथल रोड़, सिनेमा रोड़, छोटी मंडी व सब्जी मंडी आदि एरिया में कुछ ओर दिन बिजली की सप्लाई सुचारु रूप से चलने में दिक्कत रहेगी नतीजतन सभी बिजली उपभोक्ता थोड़ा संयम रखें और सहयोग करें।

## अक्षय तृतीया पर 24 वर्ष दो ग्रह गुरु और शुक्र अस्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी**

- 10 मई को पंचयोगों में मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती : शर्मा

इस बार अक्षय तृतीया यानी 10 मई को भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया तिथि का विशेष महत्व है। इसे अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया के दिन बिना किसी ज्योतिषीय सलाह के कोई भी शुभ कार्य कर सकते हैं। यह दिन स्वर्ण खरीदने के लिए जाना जाता है। श्री शिवशक्ति 'योतिष अनुसंधान केंद्र फरल के संचालक आचार्य जेपी शर्मा के अनुसार ऐसा 24 वर्ष बाद पहली बार हो रहा है, जब विवाह के कारक माने जाने वाले ग्रह गुरु और शुक्र दोनों अस्त है। ऐसा वर्ष 2000 में हुआ था। ऐसे में विवाह आदि कार्य किए नहीं जा सकते, लेकिन अक्षय तृतीया यानी जिसका कभी क्षय न हो। इस दिन अबुझ मुहूर्त होने की वजह से मांगलिक कार्य बगैर 'योतिषी की सलाह लिए कर सकते है।

### इस दिन बन रहे है ये शुभ योग: शर्मा

आचार्य शर्मा के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर ज्योतिषियों की मानें तो अक्षय तृतीया पर मंगलकारी सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण दोपहर 12.08 बजे से हो रहा है और समापन 11 मई को सुबह 10.03 मिनट पर होगा। सोने की खरीदारी आप सुकर्मा योग में कर सकते हैं। रवि योग दिन भर है। 'योतिष रवि और सुकर्मा योग को शुभ कार्योंर् के लिए उत्तम मानते हैं। साथ ही अक्षय तृतीया पर रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। जबकि, दोपहर 03.29 मिनट तक तैतिल करण का योग बन रहा है। इसके बाद गर करण का निर्माण हो रहा है। कुल मिलाकर कहें तो अक्षय तृतीया पर स्वर्ण खरीदने समेत शुभ कार्य करने हेतु कई शुभ संयोग बन रहे हैं।

### अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त

10 मई को अक्षय तृतीया सुबह 04.17 मिनट पर शुरू होगी और 11 मई को देर रात 02.50 मिनट पर समाप्त होगी। अक्षय तृतीया के दिन पूजा हेतु शुभ समय सुबह 05.33 मिनट से लेकर दोपहर 12.18 मिनट तक है।

## विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने के लिए बढ़सीकरी कलां की 36 बिरादरी ने मुहिम शुरू करने का संकल्प किया

# ज्योतिबा फूले जयंती उत्सव पर शिक्षा को लेकर विशेष मुहिम चलाने का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत**




**कलायत।** गांव बढ़सीकरी कलां में मुख्य वक्ता राकेश रोक्की निंबरान व आयोजक-संयोजक। फोटो :हरिभूमि

नए शैक्षणिक सत्र के मद्देनजर प्रत्येक बच्चे का स्कूल नामांकन करवाने और अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने के लिए बढ़सीकरी कलां की 36 बिरादरी ने विशेष मुहिम शुरू करने का संकल्प किया है। भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती उत्सव अवसर पर यह महत्वपूर्ण निर्णय सोमवार को लिया गया। इससे पहले डा.भीमराव अंबेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां द्वारा सामान्य चौपाल पर डा.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भव्य ढंग से किया गया। इस क्रम में युवा मंच बडसीकरी कलां में आयोजित समारोह में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। संयोजन की कमान मंच संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता गुरदेव बढ़सीकरी, प्राध्यापक ईश्वर सिंह, रोहताश मैहरा और कुलदीप धानियां के हाथ रही। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश रोक्की निंबरान और वरिष्ठ समाज सेवी रोहताश मैहरा बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। राकेश रोकी निंबरान ने इस दौरान एक आरटीआई का लिफाफा खोला। इसमें उन्होंने चौकाने वाले खुलासे किए। राकेश रोक्की ने कहा कि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार प्रदेश के 10 लाख अनुसूचित और 3 लाख 50 हजार पिछड़े वर्ग से संबंध रखने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति न मिलने के कारण स्कूल छोड़ने को विवश हुए हैं। इतना ही नहीं करीब 500 सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। इसी कड़ी में गांव बढ़सीकरी के पास के गांव रत्नपुरा राजकीय प्राथमिक स्कूल में 2 से 3 विद्यार्थियों की संख्या को उन्होंने बेहद चिंता जनक करार दिया। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने सामाजिक संगठनों से चौपाल-चबूतरों को पुस्तकालय, कोचिंग सेंटर और अन्य शिक्षण संस्थानों में तबदील करने की पुरजोर अपील की। इसका समर्थन बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने किया। परिणामस्वरूप किसान, मजदूर, सरकारी कर्मियों व अन्य वर्गों से जुड़े लोगों ने जन सहयोग से पुस्कालय विकसित करने का बीड़ा उठाया।

### विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बढ़ाया उत्साह

घंटों चरणबद्ध ढंग से चले सफल आयोजन के लिए सरपंच अमृत पाल विर्क, युवा समाज सेवी महेंद्र कुराड़, मा.राममेहर सिंह, बलवान किठाना, संजय मटौर, मा.शीशपाल, धर्मपाल जेष्ट, लखपत राय, अमित राठी, सुनील उचाना, गुरमेज बढ़सीकरी, गुरमीत बढ़सीकरी और बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्कूलों को सशक्त बनाना जरूरी

प्रीतम कौलेखां और रोहताश मैहरा ने कहा कि बढ़सीकरी कलां में सामाजिक संस्था द्वारा संचालित पुस्तकालय के माध्यम से बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। लेकिन जब स्कूल स्तर पर शिक्षा की व्यवस्था नहीं होगी तो पुस्तकालयों से काम चलने वाला नहीं। इसलिए सभी को सांझे प्रयास करते हुए एक ऐसी व्यवस्था करनी होगी जिसमें स्कूल से लेकर कालेज व पुस्कालयों और कोचिंग सेंटरों को मजबूत किया जा सके।

### गुरु जी की बेमिसाल सोच

सरकारी स्कूल के शिक्षक गुरमेल सिंह ने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को दसवीं व बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करने पर 5100 रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की। इसी तरह अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने भी शिक्षा पर फोक्स किया।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

**कैथल।** गांव हाबड़ी के पास एक कार चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गोपाल बस्ती पानीपत निवासी कुलदीप ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वह धागा मिल मेरठ उतर प्रदेश में नौकरी करता है। 24 अप्रैल को उसका 59 वर्षीय पिता जसवंत उसके मामा के घर रसुलपुर मांडी कैथल में मिलने के लिए आया हुआ था। 26 अप्रैल को वह स्कूटी पर सवार होकर अपने घर वापस जा रहा था। जब वह शाम करीब चार बजे गांव हाबडी के पास पहुंचा तो एक कार चालक ने तेजगति व लापरवाही से कार चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशनुसार 11 मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जींद स्थित न्यायिक परिसर व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में आगामी 11 मई को जींद नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में लोक अदालत व प्रतिदिन प्री लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### परिजन बोले-अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से शव की हुई दुर्गति

# सफीदों के नागरिक अस्पताल में फ्रिज कंडम होने से खराब हुई डेडबॉडी

रत्ताखेड़ा के मृतक जसमेर के शव से उठ रही थी बदबू व मुंह से निकलते मिले कीड़े।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों







**सफीदों।** शवगृह से बाहर लाई गई डेडबॉडी व जानकारी देते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सफीदों के नागरिक अस्पताल की बदहाल व्यवस्था का दिल दहला देने वाला दृश्य उस वक्त सामने आया। जब एक मृतक की डेडबॉडी शवगृह का फ्रीज खराब हो जाने के कारण फट कर सडांध मारने लगी और उसमें कीड़े पड़ गए। इस मामले का खुलासा उस समय हुआ जब परिवार के लोग पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे और जैसे ही शव गृह का फ्रीज खुला ओर उसमें से भयंकर बदबू आई और शव को देखा तो मृतक के मुंह से कीड़े निकलते पाए गए। अस्पताल की इस बदइंतजामी के कारण ग्रामीणों व परिवार के लोगों में भारी रोष देखने को मिला और इसके लिए अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार बताया।

गौरतलब है कि गांव रत्ताखेड़ा निवासी जसमेर पिछले कुछ महीनों से अपने परिवार के साथ निकटवर्ती गांव खेड़ा खेमावती में रहने लगा था। वह किन्ही कारणों से मानसिक रूप से परेशान रहता था और उसने शनिवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया था। किन्ही कारणों से शनिवार को पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था और अस्पताल प्रशासन द्वारा रविवार को पोस्टमार्टम किए जाने की बात कहीं गई थी। रविवार सुबह काफी तादाद में ग्रामीण व परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम करवाने सफीदों के सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रशासन पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में पहुंचे और शव को फ्रीज से बाहर निकाला तो उसमें से भयंकर बदबू उठी और डेडबॉडी कई स्थानों से खराब हो गई थी। परिजन भी जब अंदर गए तो पाया कि डेडबॉडी कई स्थानों से फूली व खराब हुई पड़ी थी। शव में से भयंकर बदबू आ रही थी और मुंह में से कीड़े निकल रहे थे। यह सबकुछ देखकर ग्रामीण व परिवार दंग रह गया और उनके दुख की कोई सीमा नहीं रही। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल प्रशासन की वजह से जसमेर के शव की यह दुर्गती हुई है। अस्पताल प्रशासन ने एक बार भी उन्हें यह नहीं बताया कि अस्पताल के फ्रीज खराब हैं। अगर अस्पताल प्रशासन पहले बता देता तो वे कोई डीफ्रीज या बर्फ का इंतजाम करते। इस सारे मामले में अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है और उनके लिए इंसान की कोई कीमत नहीं है। परिजनों ने बताया कि जब वे शव को देखने के लिए गए तो उनसे शव को देखा नहीं गया। शव से भयंकर बदबू आ रही थी व बॉड़ी फट गई थी। मृत्तक का मुंह काला पड़ा हुआ था और उसके मुंह से कीड़े निकल रहे थे। परिजनों के अनुसार शव की हालत इस कदर खराब हो गई थी कि डाक्टरों ने उसका पोस्टमार्टम करने तक से हाथ खड़े कर दिए थे। जब उन्होंने डाक्टरों ने बात की तो उन्होंने इस मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनकी कोई जिम्मेवारी नहीं है। यह व्यवस्था तो स्टाफ को देखनी होती है। परिजनों का कहना है कि शव की हालत इतनी खराब है कि मृत्तक की पत्नी, बच्चे व परिवारजन भी उसके अंतिम दर्शन तक नहीं कर पाएंगे और शव को सीधे श्मशान घाट ले जाकर उसका अंतिम संस्कार करना पड़ेगा।

#### कल ही खराब हुए है फ्रिज

नागरिक अस्पताल में एसएमओ जेपी चहल ने कहा कि चार में से तीन फ्रिज कल ही खराब हो गए थे। केवल एक ही फ्रीज से काम चल रहा था। कल तीन डैड बॉडी आ गई थी। जिसकी वजह से ऐसा हादसा हुआ है। उन्होंने पुलिस व परिजनों को बर्फ इत्यादि लगाने के बोला था लेकिन उन्होंने लगाई नहीं होगी। उन्होंने अस्पताल के बिजली मैकेनिक को किसी लोकल मिस्त्री से इनको ठीक करवाने के खर्च का अनुमान लगवाने के लिए बोला है। अगर खर्च कम होगा तो इसको यहीं पर ठीक करवाया जाएगा। अगर खर्च 'यादा होगा तो पैसे की आलाधिकारियों को डिमांड भेजी जाएगी।



**जींद।** रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को साइबर क्त्राइम बारे जागरूक करती जीआरपी।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता ही सशक्त हथियार

- रेलवे पुलिस ने रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जींद

रेलवे पुलिस ने रविवार को जंक्शन पर साइबर क्राइम के बारे में यात्रियों को जागरूक किया। रेलवे थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में जीआरपी जवानों ने रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को एकत्रित किया और उन्हें साइबर क्राइम बारे जागरूकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल नंबर पर कोई अनचाहा लिंक या मैसेज आए तो उसे खोले नहीं। यदि कोई अज्ञात व्यक्ति फोन कॉल कर किसी पैसे या स्कीम का लालच देता है तो उसकी बातों में न आए।

आजकल साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। इसलिए हमें साइबर क्राइम के बारे में जागरूक होना पड़ेगा तभी हम इस क्राइम से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता ही सबसे सशक्त हथियार है। साइबर अपराधों से कैसे बचा जा सकता है व अपराध का शिकार होने पर कैसे उसकी शिकायत की जाए, उन्होंने जानकारी दी। उन्होनें बताया कि साइबर अपराधी निरंतर अपनी स्ट्रैटजी बदलते रहते हैं उनके द्वारा कभी आपको सोशल मीडिया पर लॉटरी का लालच दिया जाता है, तो कभी जॉब का लालच देकर झांसे में लेते हैं। युवा जल्द पैसा कमाने के लालच में आकर लाखों रुपये गवां रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोस्त बनाने के चलन में भी लोग सेक्सटॉर्शन के केस में फंस रहे हैं। अपने बैंक खातों से संबंधित गोपनीय जानकारी खुद देकर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने आमजन को आगाह किया कि अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर न करें। इसके अलावा ओटीपी शेयर न करें, बैंक की जानकारी किसी को न दें, अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती न करें। इस अवसर पर एएसआई कपिल, एसपीओ रामसिंह, महिला हेड कॉस्टेबल मुकेश और सिपाही रिंकी मौजूद रही।

## युवक की बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराई, मौत

**जुलाना।** जींद-रोहतक मार्ग पर सोनिया स्कूल के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना जुलाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। लोन गांव निवासी 22 वर्षीय शैलेंद्र बाइक पर सवार होकर उसकी सुसराल कमाच खेड़ा जा रहा था। जब वह जुलाना के पास सोनिया स्कूल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



जींद-रोहतक मार्ग पर घटनास्थल पर जांच में जुटी पुलिस।

## जजपा के जिला प्रवक्ता ने पार्षद पत्नी संग छोड़ी जजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- जजपा में कार्यकर्ताओं को कोई मान सम्मान नहीं दिया जा रहा

जिला जजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के जिला प्रवक्ता मुकेश चहल तथा वार्ड 17 से पार्षद उनकी पत्नी सुशीला चहल ने जजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने अपने इस्तीफे पार्टी के राष्ट्रीयध्यक्ष को भेज दिए हैं। मुकेश चहल ने कहा कि जजपा में कार्यकर्ताओं को कोई मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। पार्टी अपने एजेंड से भटक चुकी है। किसान आंदोलन के दौरान पार्टी का रैवया अच्छा नही था। जो वादे पार्टी गठन के दौरान जजपा ने लोगों से किए थे, उनमें से एक भी वादे को पूरा नही किया गया। जबकि जजपा-भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार चला रही थी।

## पाई मंडी में गेहूं का लदान धीमी गति से होने से आढ़ती परेशान

- गेहूं में दीमक लगना भी हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई



पाई अनाज मंडी में पड़ी गेहूं की बोरियां। फोटो : हरिभूमि

पाई मंडी में गेहूं का लदान धीमी गति से होने के चलते आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आढतियों का कहना है कि मंडी के अलावा मंडी से बाहर खेतों में पड़े गेहूं से बोरियों में दीमक भी लगना शुरू हो गया है। गेहूं के साथ-साथ दीमक बारदने को चट करने लग गई है। मंडी के आढ़तियों की मांग है कि पाई मंडी में गेहूं के लदान में तेजी लाई जाये। मंडी के प्रधान कृष्ण ढ़ल, पेर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी , रामकुमार, जैली ईश्वर आदि ने बताया कि मंडी में किसानों की गेहूं की फसल डालने के लिये जगह न होने के कारण आढ़तियों को मजबूरी वंश मंडी से बाहर खेतों में किसानों की गेहूं की फसल डलवानी पड़ी है। खेतों में नमी होने व मिट्टी के चलते दीमक बहुत जल्दी लग जाती है। दीमक गेहूं की बारियों को खाने लग गई है, जिस कारण से बारियों में छोटे- छोटे छेद हो जाते है और उनसे गेहूं के दाने बिखर जाते है और आढ़तियों को नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि मंडी में लगभग चार लाख से ज्यादा बोरियां आ चुकी है।

### राजौंद की मंडियों में उठान कार्य में आई तेजी

**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी व इसके अंतर्गत आने वाली मंडी गांव जाखौली, सेरधा व किठाना उठान का कार्य 75 प्रतिशत तक उठान का कार्य पूरा हुआ। जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि बताया कि शनिवार तक 227344 कुंतल गेहूं की खरीद का कार्य किया जा चुका है जिसमें 166000 क्विंटल गेहूं के उठान का कार्य पूरा कर लिया गया है जिसमें राजौंद अनाज मंडी में 61000 क्विंटल केवल गेहूं का उठान का कार्य रह गया है। उन्होंने बताया कि राजौंद अनाज मंडी में खरीद एजेंसी वेयर हाउस द्वारा 2 लाख 27 हजार 344 क्विंटल की खरीद की गई है। जबकि गांव किठाना में 215413 क्विंटल व हैफेड व हरियाणा स्टेट वेयर हाउस द्वारा खरीद की गई है।

## नरवाना मेला मंडी गेहूं से अटी, उठान नहीं होने के कारण आढ़ती परेशान



**नरवाना।** गाडियों की बाट देख रहे गेंहू से भरे बैग।

- जब जिला प्रशासन की ठेकेदार नहीं सुन रहा तो बाकी की क्या औकात

**नरवाना।** नरवाना मेला मण्डी में जिलाधिकारी ने स्थानीय एसडीएम के साथ मिलकर दौरा किया था इस दौरान उन्होंने आढ़तियों के साथ गेहूं उठान के ठेकेदार के साथ भी बातचीत की थी और ठेकेदार प्रतिनिधि जोरा सिंह डुमरखा ने अधिकारियों को आश्वासन दिया था कि दो दिन में मेला मण्डी में पड़ा सारा गेहूं उठा दिया जाएगा। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी मंडी गेहूं से अंटी पड़ी है।

जिलाधिकारी की बात भी गेहूं उठान के ठेकेदार सुनने को तैयार नहीं है जिससे आढ़तियों व किसानों में रोष है। यही हाल नरवाना की सब यार्ड मंडियों धमतान, गढ़ी, उझाना, बेलरखा मडियों का भी है वहां भी आढ़तियों व किसानों का यही हाल है। धमतान मंडी के आढ़ती ने बताया कि गेहूं का उठान करने के लिए गाडियां ही उपलब्ध नहीं है। 5-7 गाडियां हैं जो कभी धमतान कभी गढ़ी कभी उझाना और कभी बेलरखा मंडी में जाती है जिससे उनका गेहूं उठाने में परेशानी हो रही है प्रशासन सुनने के लिए तैयार नहीं। प्रशासन क्यों नहीं सुन रहा ये तो वही जाने। जब जिला प्रशासन की ठेकेदार नहीं सुन रहा तो बाकी की क्या औकात है।

## बायोमेट्रिक हाजिरी को लेकर मिड-डे मिल वर्कर्स में रोष

- आठ मई को जिला सत्रीय प्रदर्शन करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। बैठक में विचार विमर्श करते हुए मिड-डे मिल वर्कर्स।

रविवार को मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की उचाना और नरवाना ब्लॉक की मिड-डे मील वर्करो की मीटिंग नरवाना के भगत सिंह अध्यन केन्द्र में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कैलाश व कमलेश ने संयुक्त से की। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के रा'य कमेटी सदस्य संदीप जाजवान, यूनियन की जिला कार्यकारी प्रधान कैलाश खापड़, सीटू जिला प्रधान सतबीर खरल ने कहा की बायोमेट्रिक हाजिरी के दबाव डालने के खिलाफ मिड-डे मिल वर्कर 8 मई को जिला सत्रीय प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा की मिड-डे मील कर्मचारी काफी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है लेकिन मौजूदा भाजपा की सरकार उनकी समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। और इसी बीच 18 अप्रैल को विभाग के निदेशालय की ओर से एक पत्र जारी हुआ है। इस पत्र के आधार पर स्कूल का हेड मास्टर या प्रिंसिपल कर्मचारियों को 8रू00 बजे आने व 2रू30 बजे जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। और कह रहे हैं कि बायोमेट्रिक मशीन में आपकी हाजिरी लगेगी। जो की बिल्कुल गलत वह झूठ है? इस पत्र में विभाग की तरफ से हाजिरी लेने का कोई जिक्र नहीं है जबकि स्कूलों में इसके लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा है और बेगार कराने की एक साजिश की जा रही है। विभाग से जानकारी मांगी तो विभाग भी इसके लिए मना कर रहा है तो फिर स्कूलों में यह दबाव क्यों बनाया जा रहा है। इसलिए जिला भर की मिड डे मिल वर्कर 8 मई को जिला स्तरीय प्रदर्शन करेंगी। नरवाना ब्लॉक सचिव कविता ने कहा की उनकी कुछ मांगे और भी हैं जिसको सरकार जल्दी से जल्दी पूरा करने का काम करें नहीं तो अभी लोकसभा के चुनाव में व विधानसभा के चुनाव में बीजेपी सरकार को करारा जवाब देने का काम करेंगे। मिटिंग को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक सचिव दलेल राणा और सीटू की नेता जगवंती ने कहा की भाजपा सरकार चाहे कच्चे कर्मचारी हों या पक्के सबको परेशान कर रही है लोगों को धर्म और जाति में उलझा दिया है।

## असंध- कैथल मार्ग पर डिवाइडर पर लगाए गए पौधे देखभाल के अभाव में सूखे

- पौधे से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सहायक सिद्ध होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** मुख्य मार्ग पर खाली पड़ा डिवाइडर का एक हिस्सा जहां कोई पौधा नजर नहीं आ रहा। फोटो : हरिभूमि

नगर के असंध- कैथल मार्ग पर डिवाइडर पर लगाए गए पौधे देखभाल के अभाव में सूख गए लेकिन संबंधित विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है। विभाग इस ओर लंबी तान कर सोया हुआ है। कहने को यहां डिवाइडर पर पौधे लगाए गए थे। लेकिन इसमें अब स्थिति यह बन चुकी है कि जींद मोड़ से रोहेड़ा मोड़ तक अब डिवाइडर पर एक भी पौधा नजर नहीं आता। देखभाल के अभाव में यह पौधे नष्ट हो गए। विभाग कि लापरवाही के कारण आज डिवाइडर के इस हिस्से पर कोई पौधा ही नहीं रहा। दुकानदार श्याम, हवा सिंह, रमेश, रामकुमार, राजेश, सुरेंद्र, संजय, सोनू, रमेश, कृष्ण ने कहा कि यहां पौधे लगाने से एक तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सहायक सिद्ध होते। दूसरा यहां दुर्घटना के बचाव में भी पौधे सहायक होते। रात के समय लाइट पड़ने से दुर्घटना होती है उसमें पौधे सहायक सिद्ध होते हैं। लेकिन इसमें लापरवाही विभाग की है जिसने भी इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया और यह पौधे नष्ट हो गए।

### प्रशासन नहीं दे रहा संग्रहालय की तरफ कोई ध्यान

# जयंती देवी मंदिर में बने संग्रहालय की हालत खस्ता

- शहरवासियों ने संग्रहालय की सुध लिए जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जयंती देवी मंदिर में बंद पडा संग्रहालय। फोटो : हरिभूमि

जयंती देवी मंदिर में बने संग्रहालय की हालत बेहद खस्ता है। इसकी तरफ प्रशासन का भी ध्यान नहीं है। वहीं संग्रहालय के आसपास का एरिया नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। मंदिर पार्क के पीछे रात और दिन नशेड़ी यहां बैठ कर नशा करते हैं। इससे वहां के हालात बेहद दयनीय है। इसको लेकर शहरवासियों ने जिला प्रशासन से सुध लेने की मांग की है। यदि जल्द ही जिला प्रशासन ने सुध नहीं ली तो बड़ा कदम उठाया जाएगा। जींद की धरोहर को यहां से करनाल शिफ्ट करने की साजिश शासन और प्रशासन द्वारा रची जा रही हैए जिससे स्थानीय लोगो में भारी रोष है। रविवार को एडवोकेट सुनील बामनिया, रितुराज बामनिया, शमशेर क्रांतिकारी, रोहताश निडानी, संदीप ग्रोवर, राकेश भुक्कल और राहुल भुक्कल जयंती देवी मंदिर स्थित संग्रहालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय के हालात बयां करते हुए कहा कि जिनसे जींद शहर का नाम रखा गया था। आज उसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है।

जयंती देवी मंदिर के पास नशेड़ी नशा करते हैं। इस वजह से यहां आने-जाने वालों को खतरा बना रहता है कि कब कोई नशेड़ी अनहोनी घटना को अंजाम दे दे लेकिन मंदिर कमेटी या प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। इसके कारण मंदिर और संग्रालय में आने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। आज की नई पीढ़ी को जींद के इतिहास की कोई जानकारी नहीं है क्योंकि सरकार या प्रशासन द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है और जो एक मात्र संग्रहालय जींद शहर में स्थापित किया हुआ है। जिसमें रखी ऐतिहासिक चीजों से आज की पीढ़ी को यह प्रेरणा मिलती है कि हमारे पूर्वजों ने किस प्रकार और किन संसाधनों के द्वारा अपना जीवनयापन किया था। संग्रहालय में रोशनी तक की व्यवस्था नहीं है। सारी छत टूटी पड़ी है। चूहे ही चूहे घूम रहे हैं। यदि प्रशासन ने संग्रहालय की सुध नहीं ली तो आंदोलन करेंगे वहीं जींद की धरोहर को करनाल नहीं जाने दिया जाएगा।